दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ के तीन और कोरोना पाजेटिव मरीजों का टेस्ट आया निगेटिव

» स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने किया ट्वीट ,कहा कि वे जल्द ही जाएंगे घर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के लिए रविवार की सुबह बेहद खास है प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सीटीएस सिंहदेव ने अपने ट्विटर अकाउंट में लिखा है कि 3 मरीज और पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं उनका कोरोना संक्रमण टेस्ट नेगेटिव आया है, हालांकि तीनों मरीजों का नाम का उल्लेख नहीं किया गया है लेकिन यह छत्तीसगढ़ के लिए राहत भरी खबर है।

**ट्वीटर में लिखा : स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा**

खुशनुमा रविवारज्एम्स के सभी साथियों को सभी चिकित्सकों को पूरी मेडिकल टीम को बधाई.. ठीक हुए साथी दूसरों को जागरुक करें .. और सावधानी बरतें जो कि उन्हें अब बरतनी है। अब अस्पताल में 10 में से 3 मरीज है भर्ती - छत्तीसगढ़ में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 10 हो गई थी लगातार स्वास्थ्य अमले द्वारा इनका अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है कई मरीजों को उपचार के बाद टेस्ट नेगेटिव आने के उपरांत उन्हें छुट्टी दे दी गई आज ठीक हुए तीन मरीजों के बाद अब अस्पताल में मात्र 3 मरीज ही बच जाएंगे।

### होम क्वॉरेंटाईन नियम का कड़ाई से पालन कराया जाए-स्वास्थ्य सचिव

» निहारिका बारिक ने पुलिस महानिदेशक को इस संबंध में लिखा पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम तथा समुदाय स्तर इसे संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने होम क्वॅरेंटाईन में रखे गए लोगों से नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि बीते 28 दिनों में अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय यात्रा से छत्तीसगढ़ आए लोगों को एहतियात के तौर पर होम क्वॅरेंटाईन में रखे जाने का आदेश दिया गया है तथा उनके घर के सामने दरवाजों पर स्टीकर भी लगाये गए है। होम क्वॅरेंटाईन में रखने तथा स्टीकर लगाने का उद्देश्य इस महामारी से बचने के लिए लोगों को जागरूक करना तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित कराना है। होम क्वॅरेंटाईन में रखे गए कई लोग अपने घरों के सामने लगाए स्टीकर को हटा दे रहे है, यह स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि होम क्वॅरेंटाइन में रखे गए लोगों की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने घर परिवार के लोगों, चिरपरिचितों, मित्रों तथा मोहल्ले के लोगों को इस महामारी से बचाने के लिए दूरी बनाए रखे, घर से बाहर न निकले। स्वास्थ्य सचिव श्रीमती बारिक सिंह ने पुलिस महानिदेशक को पत्र प्रेषित कर क्वॅरेंटाईन में रखे गए लोगों को क्वॅरेंटाईन नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

### अलग-अलग थाने क्षेत्र से 720 पाव एवं 9 बाटल अंग्रेजी शराब जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** कड़े लाकडाउन के बावजूद भी शहर में शराब की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। शहर में स्थित होटल बार एवं घरों में सुरक्षा व्यवस्था से बचकर चोरी छिपे शराब बेचने की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। नेवरा थाने क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद रहीम आयु 19 वर्ष पिता मोहम्मद अख्तर गौतम ढाबा ग्राम टंडवा नेवरा से 720 पाव अंग्रेजी शराब एवं डीडी नगर थाना क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार निकेतन मोहंती आयु 53 वर्ष पिता स्व. प्रतापचंद मोहंती निवासी एसबीआई कालोनी सुंदरनगर से 9 बाटल अंग्रेजी शराब मौके पर ही जब्त की गई है। नेवरा एवं डीडी नगर थाने ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत मामला कायम कर तत्काल गिरफ्तार किया है।

### महावीर जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने कहा है कि संत महावीर ने समाज को सत्य, अहिंसा, प्रेम और करूणा का संदेश दिया। उन्होंने अहिंसा को सभी धर्मो से सर्वोपरि बताया है।

## एसपी कार्यालय में स्टार सेरिमनी, पदोन्नत हुए 5 एसआई एवं 9 एएसआई को लगाया गया स्टार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस मुख्यालय द्वारा गत दिनों सहायक उपनिरीक्षक से उप निरीक्षक एवं उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति सूची जारी किया गया है।

जिसमें जिला पुलिस रायगढ़ के 05 उप निरीक्षक एवं 09 सहायक उपनिरीक्षक को पदोन्नति मिली है। कोविड-19 के कारण ड्युटी में व्यस्त होने से आज दिनांक 05.04.2020 रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा पदोन्नत हुए अधिकारियों को स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गई है। इस दौरान शहर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सदस्यगण एवं पुलिस कार्यालय के स्टाफ मौजूद थे।



**सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक**

1- भागवत यादव, बरमकेला 2- जगत राज सिंह, पूंजीपथरा 3- भैरव प्रसाद मिश्रा, चक्रधरनगर 4- डिलेशवर प्रसाद साहु, डीएसबी 5- संतरा चौहान, कोतरारोड 6- गिरधारी साव, एसपी कार्यालय 7- चक्रसुदर्शन जयसवाल, तमनार 8- दिनेश बहिदार, चक्रधरनगर 9- बी.एस. डाहरिया, चक्रधरनगर



**इन्हें मिली पदोन्नति उप निरीक्षक से निरीक्षक**

1- अनिल अग्रवाल, थाना धर्मजयगढ़
2- एम.आर. भगत, रक्षित केंद्र
3- मनोरमा कुर्रे, थाना घरघोड़ा
4- एल.पी. तिवारी, डीएसबी
5- आर.के. केशरवानी, कोतवाली

## लोगो को जागरूक करने रायगढ़ पुलिस ने अपनाया अनोखा तरीका

» किया कोरोना राक्षस का वेश धारण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लॉक डाउन में लोगों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग रायगढ़ ने अनोखा तरीका अपनाया। कोरोना वायरस वेश धरे हुए पुलिस के दो जवान आज शहर में घूम-घूम कर लॉक डाउन का पालन नही करने वाले, लापरवाही पूर्वक बिना कारण बाहर घूम रहे लोगों को संदेश दिया कि कोरोना आपसे व आपके घर से तब तक दूर रहेगा।

जब तक आप उसे खुद लेने घर से बाहर नही निकलेंगे। मतलब घर के बाहर निकलने से कोरोना वायरस से संक्रमित होने की संभावनाएं हर जगह मौजूद हो सकती है। यदि लोग लॉक डाउन में लापरवाही बरतेंगे, बाहर घूमेंगे, भीड़ लगायेंगे, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नही करेंगे, नियमित हाथ की सफाई नही करेंगे, तो कोरोना वायरस के संपर्क में आ सकते हैं। जिससे खुद तो संक्रमित होंगे ही, अपने घर परिवार, मोहल्ले में भी इस संक्रमण को फैलाएंगे। जो बहुत घातक सिद्ध हो सकता है। इससे बचने का सबसे बढिया़ तरीका है अपने-अपने घरों पर बने रहें। शासन-प्रसाशन के दिशा निर्देशों का पालन करें। नियमित हाथ धोते रहें। सजग रहें, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। राक्षस बने युवक बेवजह रोड पर घूम रहे लोगों को डराए भी।

उल्लेखनीय है कि प्रशासन और पुलिस विभाग कोरोना वायरस को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने लगातार मुहिम चला रहा है। लॉक डाउन का पालन करवाने स्वयं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, एएसपी अभिषेक वर्मा व सीएसपी अविनाश ठाकुर मोर्चा संभाले हुए हैं। वर्तमान परिदृश्य में लॉक डाउन का पालन करना क्यों इतना महत्वपूर्ण है के संबंध में लोगों को समझाईश भी दी जा रही है। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित लोगों के ऊपर कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

## अब लघु वनोपज संग्रहण कर सकेंगे ग्रामीण जन

**कोरोना से बचाव के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का करना होगा पालन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस (कोविड-19)के संक्रमण से बचाव हेतु पूरे विश्व में 21 दिनों के लिए लॉक डाउन किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लॉकडाउन की अवधि में अत्यावश्यक सेवाओं को मुक्त रखा गया है। राज्य में वन तथा सीमा क्षेत्रों से इमली, महुआ फूल, चिरौंजी आदि खाद्य योग्य वनोपज हर्रा, बहेड़ा आदि औषधि योग्य वनोपज संग्रहण सीजन चालू है। ग्रामीण एवं आदिवासियों द्वारा अपनी निजी क्षेत्र तथा वन क्षेत्र से संग्रहण कर शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ग्राम स्तर, स्व-सहायता समूहों को विक्रय करने हेतु छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अतः ग्रामीणों एवं संग्राहकों को उक्त वनोपज संग्रहण करने तथा ग्राम स्तर पर स्व-सहायता समूहों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु शर्तो के अधीन व्यवस्था की जा रही है ताकि उक्त खाद्य एवं औषधि महत्व के वनोपज के संग्रहण, परिवहन भंडारण करने से ग्रामीणों को मेहनत का फल मिल सके। छत्तीसगढ़ राज्य में लॉक डाउन अवधि में जिन कार्यों को संपादित किए जाने छूट प्रदान की गई है। लघु वनोपज संग्रहण, लाख पालन आदि में श्रमिकों व संग्राहकों कार्य करने एवं संग्रहित वनोपज को ग्राम स्तर पर स्व-सहायता समूहों को विक्रय करने हेतु छूट प्रदान की गई है।

» गर्भवती महिला मजदूर के लिए महिला चिकित्सक से चर्चा कर किए इलाज की व्यवस्था

» पेट्रोलिंग गाड़ी से गर्भवती को पहुंचाया गया सोनोग्राफी सेंटर, बोले अन्य कोई परेशानी हो तो संपर्क करें

## इलाज के लिए भटक रही गर्भवती महिला की मदद के लिए आगे आए टीआई विवेक पाटले

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लाक डाउन दौरान मेडिकल सुविधा को आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में रखा गया है जिससे कोई भी अस्वस्थ व्यक्ति एंबुलेंस या निजी वाहन से आवागमन की सुविधा ले सकता है किंतु कुछ गरीब तबके के लोग स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों से अनजान हैं तथा वे राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं की जानकारी भी नहीं रखते हैं।

इसी कारण उन्हें भटकना पड़ता है ऐसा ही एक मामला थाना चक्रधरनगर अंतर्गत अंबेडकर चौक के बगल में निर्माणाधीन कॉलोनी में निवासरत महिला मजदूर के साथ हो रहा था। महिला मजदूर सीमा भाई पति जितेंद्र कोई उम्र 26 वर्ष निवासी पुसौर जो गर्भवती है। सोनोग्राफी सेंटर जाने के लिए भटक रही गर्भवती महिला को जब टी.आई. चक्रधरनगर विवेक पाटले चौक पर देखकर पूछताछ किए तो महिला ने अंबेडकर चौक पर मजदूरी करना और वहीं रहना बताई तथा सोनोग्राफी के लिए डॉक्टर के पास जाना बताकर टीआई पाटले से ही पूछ बैठी की अभी डॉक्टर चेकअप में ज्यादा पैसे थोड़ी ले रहे हैं तब उन्हें टी.आई. पाटले द्वारा सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में बताये। तो महिला और उसका पति अनभिज्ञता जाहिर किए तब टीआई पाटले द्वारा स्वयं गायनिक चिकित्सक से महिला के इलाज के लिए मोबाइल पर चर्चा किए और अपने पेट्रोलिंग वाहन को वही बुलाकर पेट्रोलिंग पार्टी को सोनोग्राफी सेंटर महिला को छोड़ने के लिए बोले तथा महिला के पति को बोले कि अभी अन्य कोई परेशानी होगी तो मोबाइल नंबर पर या थाने आकर बता सकते हैं इसके पूर्व भी थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा थाना क्षेत्र में किराए मकान में रहने वाले तथा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच जाकर उन्हें आर्थिक मदद पहुंचाए थे तथा प्रतिदिन अपने पेट्रोलिंग वाहन से जरूरतमंदों को फूड पैकेट व सूखा राशन का वितरण उनके द्वारा कराया जा रहा है ।



## कलेक्टर यशवंत कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन पहुंचा रहा है जरूरतमंदों तक सुविधा

» खाने व राशन की राहत पहुंच रही है घरों तक

» पके खाने व सूखे राशन के साथ बांटे जा रहे है मॉस्क व सेनेटाईजर भी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस से निपटने के लिए लगाये गये लॉक डाउन में जहां इसके प्रसार की संभावना को क्षीण किया है और बहुत से लोगों को असहज स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। दैनिक मजदूर, श्रमिक, रोज व्यवसाय लगाने वाले, फेरी वाले निराश्रित यह शहरी इलाकों के वे तबके है जिनके सामने गुजर-बसर की समस्या आन पड़ी है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर फंसे कामगार व श्रमिक भी है जो लॉक डाउन में अपने घरों से दूर राहत शिविरों में रूके हुए है। कलेक्टर यशवंत कुमार के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन लगातार ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन तक राहत पहुंचाने का कार्य कर रहा है। शहरी इलाकों में जहां नगरीय निकाय के अधिकारियों व राजस्व विभाग ने कमान संभाली हुई है, तो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी राजस्व, जनपद तथा महिला बाल-विकास विभाग के साथ-साथ अन्य कर्मचारी भी मैदान में है।



### फर्जी पत्रकार चेकिंग में पकड़ाया

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सुबह चेकिंग के दौरान फर्जी आई डी के साथ एक युवक दीपक दास वैष्णव निवासी जूटमिल , कोतवाली पुलिस को मिला , पूछताछ में बताया की गुरूपाल भल्ला के यंहा काम करता है और उसे आईकार्ड उसी ने दिया है। युवक को कोतवाली थाने में बैठाया गया है।

**ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी और थाना कोतवाली में अनावश्यक बहस करने पर नितिन बेरीवाल निवासी रायगढ़ को थाने में बैठाया गया।**



## अन्य राज्यों से आये 5800 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कर रखा गया क्वारेंटीन में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस के लिए जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदेशों तथा अन्य प्रदेशों की यात्रा से लौटे हुए लोगों को नियमित रूप से ट्रेस कर रहा है। जिसके पश्चात उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें होम आइसोलेशन तथा सेल्फ क्वारेंटीन में रखा जा रहा है। जिसकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़े अनुसार 1 जनवरी से 4 अप्रैल 2020 तक विदेश से कुल 141 यात्री जिले में आये। जिनमें जनवरी माह में 5, फरवरी तक 37 यात्री एवं मार्च 2020 तक 99 यात्री विदेश की यात्रा कर जिले में लौटे थे। होम आइसोलेशन तथा होम क्वारेंटीन के लिए जारी नये दिशा-निर्देशानुसार होम आइसोलेशन तथा होम क्वारेंटीन की अवधि को 14 दिनों से बढ़ाकर 28 दिनों तक कर दिया गया है। जिसके अनुसार विदेश से लौटे कुल यात्रियों में 88 लोग 28 दिनों से ज्यादा होम आइसोलेशन में बिता चुके है। जिनमें 53 लोगों को क्वारेंटीन में रखा गया है। इसी प्रकार 4 अप्रैल तक कुल 5800 व्यक्ति अन्य राज्यों की यात्रा कर जिले में लौटे है। जिनकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग कर होम आइसोलेशन में रखा गया है। कुल 5800 लोगों में 126 लोगों ने होम आइसोलेशन में 28 दिन से ज्यादा पूर्ण कर लिया है तथा उनमें कोई लक्षण नही है। शेष 5674 लोग वर्तमान में होम आइसोलेशन की 28 दिनों की अवधि के तहत अपने-अपने घरों में है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन यात्रियों के घर पहुंचकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है।



» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग

**मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भर्ती मरीज की रिपोर्ट आयी नेगेटिव**

चिकित्सकों की क्रिटिकल केयर मैनेजमेन्ट पर होने जा रही है ट्रेनिंग नोडल अधिकारी डॉ.विद गिल्हे ने बताया कि मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भर्ती एक मरीज जिसे खांसी, श्वास फूलना एवं बुखार की समस्या होने पर भर्ती किया गया था।

## हाई टेक तरीकों से क्वारंटाइन व होम आइसोलेटेड की जा रही है जांच

**» जीपीएस आधारित एप्प से लिया जा रहा करंट लोकेशन, अन्यत्र पाये जाने पर होगी कार्यवाही**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पुलिस द्वारा अब क्वारंटाइन व होम आइसोलेटेड व्यक्ति की निगरानी एक विशेष प्रकार के जीपीएस आधारित एप्स के जरिये कर रही है। वर्तमान में थाना प्रभारियों द्वारा ऐसे व्यक्तियों के घरों में जाकर उन्हें फिजीकल रूप से चेक कर रही है।

अब इसके साथ ही इस एप्स की मदद भी ली जा रही है जो क्वारंटाइन व होम आइसोलेटेड व्यक्ति का करंट लोकेशन पुलिस तक पहुंचायेगा जिसके मदद से लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही की जा सकेगी। इस के जरिये पुलिस व्यक्ति का लोकेशन प्रत्येक घंटे पूछेगी, लोकेशन एप्स के विपरीत बताने पर उस पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। और प्रत्येक घंटे में उन व्यक्तियों का लोकेशन लिया जा रहा है। साथ ही साथ माई शेयर लोकेशन के माध्यम से भी उन लोगो से लोकेशन मँगवाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-